## भाग—IV

### भाषा—I : हिन्दी

**निर्देश :** परीक्षार्थी **भाग–IV** (प्रश्न सं० **91** से **120**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा–I** का विकल्प हिन्दी चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91–99**) के सबसे उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प को चुनिए :

इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्मसंस्कार के लिए थोड़ी-बहुत मानसिक स्वतंत्रता परमावश्यक है। चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो। यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, उनके लिए आत्मनिर्भरता का गुण अनिवार्य है। युवाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने बड़ों का सम्मान करें और छोटों से कोमलता का व्यवहार करें। यह बात आत्ममर्यादा के लिए आवश्यक है। नम्र होना एक बहुत बड़ा गुण है। नम्र होने का मतलब दब्बूपन से नहीं है। दब्बूपन की स्थिति में संकल्प क्षीण और प्रज्ञा मंद हो जाते हैं। आत्मनिर्भरता के साथ-साथ उत्साह, श्रद्धा, भक्ति, करुणा ये सभी हमारे चारित्रिक गुणों में समावेशित होने चाहिए।

**91.** आत्मसंस्कार के लिए क्या आवश्यक माना गया है?

(1) कोमलता
(2) उत्साह
(3) मानसिक स्वतंत्रता
(4) शारीरिक स्वास्थ्य

**92.** मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए कौन-सा गुण होना चाहिए?

(1) आत्मनिर्भरता
(2) समालोचनात्मकता
(3) रचनात्मकता
(4) सकारात्मकता

**93.** युवाओं से किस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा की गई है?

(1) दूसरों पर अधिकार जताने की
(2) अपनी महत्ता को दर्शाने की
(3) बड़ों से बराबरी का व्यवहार करने की
(4) छोटों से कोमलता का व्यवहार करने की

**94.** दब्बूपन की स्थिति किस परिणाम की ओर ले जाती है?

(1) विद्रोह
(2) क्षीण संकल्प
(3) उच्च विचार
(4) तीव्र बुद्धि

**95.** आत्मनिर्भरता के साथ चरित्र में और कौन-से गुण आवश्यक माने गए हैं?

(1) ईमानदारी व करुणा
(2) अनुशासन व सहृदयता
(3) उत्साह व श्रद्धा
(4) वीरता व नियमितता

**96.** 'संस्कार' शब्द से विशेषण बनेगा

(1) संस्कारी
(2) संस्कारता
(3) संस्कारित
(4) संस्कृत

**97.** 'परमावश्यक' का संधि-विच्छेद है

(1) परमा + वश्यक
(2) पर + मावश्यक
(3) परम + अवश्यक
(4) परम + आवश्यक

98. किस शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग करना सही है?

(1) जीवन
(2) सामाजिक
(3) प्रज्ञा
(4) सम्मान

99. 'मर्यादापूर्वक जीवन' से आशय है

(1) सदाचारी जीवन
(2) स्वतंत्र जीवन
(3) स्वावलंबी जीवन
(4) सार्थक जीवन

निर्देश : नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **100–105**) के सबसे उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प को चुनिए :

जो मेरे पास नहीं था
उसे ही मैं कविता में लाता रहा :
जलप्रपात, देवता, पूर्वज,
बचपन के घर के सामने छूट गए
कठचंदन और बकौली के पेड़।
मैं कविता में नहीं लाया :
मुहल्ले की खुली हुई बदबूदार नालियाँ
कभी उफनता क्रोध, कभी अचानक हुआ उल्लास
मैं कविता में बचा पाया
जो मेरे पास नहीं था।
यह भी एक मोहक भ्रम है
कि कविता कुछ बचा पाती है।
पर बचाकर होगा क्या
बस, कविता जरूर भारी हो जाएगी।

**100.** रचनाकार कविता में किसका चित्रण **नहीं** कर सका?

(1) झरनों का
(2) अपने क्रोध का
(3) चंदन के वृक्ष का
(4) पूर्वजों का

**101.** रचनाकार को किस प्रकार का भ्रम है?

(1) कविता द्वारा कुछ संरक्षित किया जा सकता है
(2) कविता कुछ भी संरक्षित नहीं कर सकती है
(3) कविता में अलभ्य का ही चित्रण हो सकता है
(4) कविता में सुलभ्य का ही चित्रण हो सकता है

**102.** रचनाकार द्वारा कविता में किसका चित्रण किया जाता रहा?

(1) उल्लास का
(2) दुर्गंधपूर्ण नालियों का
(3) जलप्रपात का
(4) क्रोध का

**103.** रचनाकार ने कविता में क्या सँजोने का प्रयास किया?

(1) किसी प्रकार का भ्रम
(2) अपने अनुभव
(3) अपनी इच्छाएँ
(4) जो स्वयं उसके पास नहीं था

**104.** 'कविता जरूर भारी हो जाएगी' में कविता के भारीपन से क्या आशय है?

(1) कविता में शब्दों की संख्या का अधिक होना
(2) कविता में भावों की गंभीरता होना
(3) कविता का क्लिष्ट होना
(4) कविता का अरुचिकर होना

105. 'जलप्रपात' का सामासिक विग्रह है

(1) जल में प्रपात
(2) जल का प्रपात
(3) जल से प्रपात
(4) जल पर प्रपात

106. भाषा अधिगम के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(1) भाषा अधिगम केवल भाषा की पाठ्यपुस्तकों के पठन के माध्यम से ही होता है।
(2) मुद्रित-समृद्ध परिवेश में भाषा अधिगम त्वरित गति से होता है।
(3) विज्ञान और गणित के अधिगम के लिए भाषा अधिगम की आवश्यकता नहीं है।
(4) भाषा अधिगम अवचेतन रूप से घटित होता है।

107. रोना, कूजन और बबलाना भाषा विकास के किस चरण (अवस्था) के उदाहरण हैं?

(1) भाषिक
(2) पूर्व-भाषिक
(3) अभिव्यक्तिपरक (एक्सप्रेसिव)
(4) संदर्भात्मक (रेफरेंशियल)

108. गर्वित अपनी कक्षा में अपने सहपाठियों से हिन्दी में बातचीत करता है। जब अध्यापक उसे बुलाते हैं, तब वह तुरन्त अंग्रेजी में उत्तर देता है। यह किसका उदाहरण है?

(1) कोड-मिश्रण
(2) बोलियाँ
(3) सामाजिक-भाषिक
(4) कोड-अन्तरण (कोड-स्विचिंग)

109. निम्नलिखित में से कौन-सा पद वायगोत्सकी के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त से संबंधित **नहीं** है?

(1) सामाजिक अंतःक्रिया
(2) सहारा देना (स्कैफोल्डिंग)
(3) निकटस्थ विकास का क्षेत्र
(4) भाषा अर्जन उपकरण

110. प्रत्येक पाठ्यक्रम अधिगम-प्रतिफलों के बारे में उल्लेख करता है, जिसका तात्पर्य है

(1) पाठ्यपुस्तक की विषयवस्तु को ध्यान में रखना
(2) शिक्षार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन
(3) सभी पाठों को पूरा करना
(4) अध्यापक की शिक्षण विधियों में परिवर्तन

111. अपने फोन की सम्पर्क सूची में किसी का फोन नम्बर ढूँढ़ना किसका उदाहरण है?

(1) बारीकी से पठन (स्कैनिंग)
(2) सर्वेक्षण
(3) समीक्षा
(4) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग)

112. बच्चों को नए शब्दों के अर्थ सीखने के स्थान पर उन्हें संदर्भ में नए शब्द देने का क्या परिणाम हो सकता है?

(1) बच्चों को भ्रमित करेगा
(2) शब्द की बेहतर समझ बनाने में मदद करेगा
(3) कंठस्थीकरण को समुन्नत करेगा
(4) समय की बरबादी होगी

113. लेखन का वह कौन-सा प्रकार है, जिसमें लेखक बहुधा स्वयं को एक पात्र (कभी नहीं भी) के रूप में प्रस्तुत करता है और वृत्तांत सुनाता है?

(1) व्याख्यात्मक
(2) प्रत्ययकारी (परसुएसिव)
(3) वर्णनात्मक (डेस्क्रिप्टिव)
(4) वृत्तांतात्मक

114. आप चाहते हैं कि आपकी कक्षा के विद्यार्थी अधिक-से-अधिक प्रतिभागिता दर्ज करें। इस उद्देश्य के लिए आप किस विधि का अनुपालन करेंगे?

(1) चर्चा
(2) प्रदर्शन
(3) आदर्श पठन
(4) सस्वर काव्य-पाठ (रिसाइटेशन)

115. एक श्रोता किसी बात को सुनते समय, विशेष या सूक्ष्म विवरणों को सुनता है, तथा समस्रोतीय शब्दों (कॉग्नेट्स) और शब्द-क्रम प्रतिमानों की पहचान करता है। इस श्रवण-प्रक्रिया को किस रूप में जाना जाता है?

(1) बॉटम-अप प्रक्रियाएँ
(2) शीर्ष-अधोगामी (टॉप-डाउन) प्रक्रियाएँ
(3) निष्कर्षात्मक (इन्फ्रेंशियल) प्रक्रियाएँ
(4) रेखीय प्रक्रियाएँ

116. लघु कथा कहते समय 'पठन के दौरान' की कौन-सी गतिविधि होगी?

(1) शिक्षार्थी कहानी की घटनाओं के बारे में अनुमान लगाते हैं
(2) शिक्षार्थी दो-दो के जोड़ों में पठन करते हैं और एक-दूसरे को पढ़कर सुनाते हैं
(3) शिक्षार्थी कथाकार के जीवन-संबंधी विवरणों की चर्चा करते हैं
(4) अध्यापिका नए शब्दों के अर्थ पूछती है और उन शब्दों से वाक्य बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है

117. किसी एक कक्षा में आप प्रश्न पूछने के स्थान पर विद्यार्थियों को एक संक्षिप्त पाठ्य-सामग्री देकर उसपर आधारित प्रश्न बनाने के लिए कहते हैं। इस कार्य का क्या उद्देश्य है?

(1) आप चाहते हैं कि आपके विद्यार्थी कुशलतापूर्वक प्रश्न बनाएँ
(2) प्रश्न बनाने के अपने काम में उनकी मदद लेना
(3) अपने शिक्षार्थियों को यह अनुभव करवाना कि प्रश्न बनाना कितना कठिन कार्य है
(4) अपने शिक्षार्थियों के विश्लेषणात्मक और समालोचनात्मक चिन्तन का संवर्द्धन करना

118. भाषा आकलन का उद्देश्य किसका मापन करना है?

(1) प्रत्येक शिक्षार्थी ने अपने सहपाठी की तुलना में कितना सीखा है
(2) विद्यार्थियों की समग्र या योगात्मक उपलब्धि
(3) शिक्षार्थियों की भाषा उपलब्धि
(4) शिक्षार्थियों की भाषिक निपुणता

119. शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रयोग का क्या उद्देश्य है?

(1) शिक्षार्थियों को अधिगम कार्य में संलग्न करना
(2) शिक्षार्थियों के अधिगम प्रतिफलों के प्रति आशान्वित होना
(3) कक्षा में अनुशासनहीनता को कम करना
(4) शिक्षार्थियों का कक्षा में ध्यान आकर्षित करना

120. आपकी एक विद्यार्थी अपनी प्रिय पुस्तक उठाती है और अक्सर उसके चित्रों को संकेत के रूप में प्रयोग करते हुए कहानी पुनः कहती है। यह किसका उल्लेख है?

(1) उद्गामी पठन अवस्था
(2) ध्वन्यात्मक जागरूकता
(3) वाक्यगत जागरूकता
(4) वृत्तांतात्मक जागरूकता

[ P.T.O.